वीयू–कुलगुरू ने किया जिमनेशिया एवं जनजातीय प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन



नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर परिसर में दिनांक 16 मई 2025 को जनजातीय अनुसंधान एवं विकास केन्द्र एवं व्यायाम शाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय कुलगुरु प्रो. मनदीप शर्मा जी द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया।



माननीय कुलगुरु जी ने कहा कि वर्तमान की व्यस्तम जीवन शैली को सफल एवं सुचारू रखने के लिए अच्छा स्वास्थ्य हम सभी के लिए आवश्यक है, इसके लिए नियमित योग एवं व्यायाम बेहद लाभकारी होता



है, एक अच्छा स्वास्थ्य हमेशा एक सुखद भविष्य का निर्माण करता है, और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस व्यायाम शाला का निर्माण किया गया है, परिसर में निर्मित यह व्यायाम शाला विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं, अधिकारी एवं कर्मचारी बंधुओं के लिए बेहद उपयोगी एवं सहायक सिद्ध होगा, नवीन व्यायाम शाला में स्ट्रेचिंग, ट्रेडमिल, वेट लिफ्टिंग, साईक्लिंग, एवं अन्य सभी महत्वपूर्ण उपकरण रखे गए हैं। जनजातीय अनुसंधान एवं विकास केंद्र ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को अच्छा एवं सुविधायुक्त वातावरण प्रदान करना है, निकटतम भविष्य में इस केंद्र के अंतर्गत जनजातीय समुदाय के अध्यात्म, अस्तित्व, इतिहास, परंपरा एवं कला को जानने हेतु म्यूजियम एवं वाचनालय भी विकसित किया जाएगा,

कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण कुलसचिव डॉ. एस.एस. तोमर, डॉ. श्रीकांत जोशी, डॉ. आर.के. शर्मा, डॉ जी.पी. लखानी, डॉ. सुनील नायक, डॉ. शशिकांत महाजन, डॉ. बी. राय, डॉ. एस.एस. कारमोरे, डॉ. एस. घोष, डॉ. आर.वी. सिंह, डॉ. अक्षय गर्ग, डॉ. रामकिंकर मिश्रा, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सोना दुबे, शिव मोहन सिंह, प्रतीक कुमार तिवारी आदि उपस्थित रहे।